आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर

दिनांक : 02.07.2024 समय : 0705

<><><><><><><>

- पूरे देश के साथ द्वीपों में भी कल से तीन नए आपराधिक कानून लागू हो गए हैं।
- दक्षिण अण्डमान ज़िले में राजस्व से जुड़ी सेवाओं को ऑनलाईन वेब–पोर्टल के साथ जोड़ा गया है।
- मुख्य सचिव केशव चन्द्र ने कहा कि इस वेब पोर्टल के माध्यम से न सिर्फ निगरानी की जा सकेगी, बल्कि भ्रष्टाचार पर भी लगाम लगाया जा सकेगा।
- कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन राज्य मंत्री ने कल नई दिल्ली में पारिवारिक पेंशनभोगियों की शिकायतों के निवारण के लिए एक विशेष अभियान शुरू किया।
- ग्रेट निकोबार द्वीप में प्रस्तावित ग्रीन फील्ड अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा के लिए सामाजिक असर आंकलन के मसौदे पर जन सुनवाई का कार्यक्रम आयोजित किया गया।

<><><><><><><>

पूरे देश के साथ द्वीपों में भी कल से तीन नए आपराधिक कानून लागू हो गए हैं। अब कई वर्षों के पुराने कानूनों के स्थान पर भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारत साक्ष्य अधिनियम लागू हो गए हैं। इन कानूनों को लागू करने के सिलसिले में कल शाम टैगोर राजकीय शिक्षा महाविद्यालय में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर मुख्य सचिव केशव चन्द्र मुख्य अतिथि थे। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि इन तीन नए आपराधिक कानूनों के लागू होने से न्याय प्रक्रिया को तर्कसंगत बनाया गया है और न्याय दिलाने में भी आसानी होगी।

पुलिस महानिदेशक और सम्माननीय अतिथि देवेश चन्द्र श्रीवास्तव ने इन तीनों कानूनों को द्वीपसमूह में लागू करने में पुलिस विभाग की विभिन्न इकाईयों की सराहना करते हुए कहा कि इन कानूनों को नागरिक केन्द्रित बनाया गया है।

<><><><><><><>

दक्षिण अण्डमान ज़िले में राजस्व से जुड़ी सेवाओं को ऑनलाईन वेब–पोर्टल के साथ जोड़ा गया है। इनमें म्युटेशन और डिमारकेशन, म्युटेशन मॉड्युल के साथ भू–पंजीकरण पोर्टल का एकीकरण और किराएदारों की जांच तथा घरेलू सहायता शामिल है। कल सचिवालय के सम्मेलन कक्ष में इन सेवाओं का मुख्य सचिव केशव चन्द्र और पुलिस महानिदेशक देवेश चन्द्र श्रीवास्तव ने संयुक्त रूप से उद्घाटन किया।

बाद मे आकाशवाणी समाचार के साथ बातचीत में मुख्य सचिव ने कहा कि इस वेब पोर्टल के माध्यम से न सिर्फ निगरानी की जा सकेगी, बल्कि भ्रष्टाचार पर भी लगाम लगाया जा सकेगा।

पुलिस महानिदेशक ने कहा कि प्रशासन द्वारा एक बहुत ही महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है और अब लोग बिना पुलिस स्टेशन आए अपने घर से ही फॉर्म भरकर किराएदारों की जानकारी के साथ सहायता भी प्राप्त कर सकते हैं।

<><><><><><><>

कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह ने कल नई दिल्ली में पारिवारिक पेंशनभोगियों की शिकायतों के निवारण के लिए एक विशेष अभियान शुरू किया। शिकायतों के निपटारे के लिए सौ दिनों की कार्य योजना शुरू की गई है। इसके अंतर्गत एक माह का विशेष अभियान इक्तीस जुलाई तक चलेगा। डॉ. जितेन्द्र सिंह ने कहा कि महिलाओं के लिए पारिवारिक पेंशन योजना में किये गये संशोधन सकारात्मक प्रतीत होते है।

<><><><><><><>

ग्रेट निकोबार द्वीप में प्रस्तावित ग्रीन फील्ड अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा के लिए सामाजिक असर आंकलन के मसौदे पर हाल ही में जन सुनवाई का कार्यक्रम आयोजित किया गया। गांधी नगर सामुदायिक हॉल और प्राथमिक स्कूल शास्त्री नगर में आयोजित इस जन सुनवाई कार्यक्रम में पंचायती राज संस्थाओं के सदस्यों के अलावा अनिडको, क्षेत्र के तहसीलदार, दिल्ली से आए अतिथियों के अलावा ग्रामवासियों ने भाग लिया। समाज कल्याण बोर्ड के अधिकारी ए.के. बिश्वास ने उपस्थिति का स्वागत करते हुए इस परियोजना और क्षेत्र के विकास में इसकी भूमिका पर प्रकाश डाला। हितधारकों ने भी इसमें भाग लेते हुए अपना पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन दिया।

<><><><><><><>

देश भर के साथ द्वीपसमूह में भी वन महोत्सव मनाया जा रहा है। माहव्यापी वन मनोत्सव के सिलसिले में कल प्रधान मुख्य वन पाल और मुख्य वन्य प्राणी संरक्षक संजय कुमार सिन्हा ने प्रकृति उद्यान में वृक्षारोपण किया। पारिस्थिकीय संतुलन को बनाए रखने में तितलियों के संरक्षण के संदेश का भी प्रसार किया गया। बाल गृह के बच्चों के लिए प्रकृति उद्यान का दौरा आयोजित हुआ। दक्षिण अंडमान वन संभाग की ओर से रैली निकाली गई।

विम्बर्लीगंज के प्रभागीय वन अधिकारी, सहायक वन संरक्षक ए. सौन्द्रापांडियन और क्षेत्र के प्रधान के. अब्दुल रहमान ने झंडी दिखाकर इसे रवाना किया। रैली विम्बर्लीगंज बाजार से होते हुए स्टुवर्टगंज में जाकर सम्पन्न हुई। इसमें पर्यावरण से संबंधित विषयों और संदेशों के साथ बैनर प्रदर्शित करते हुए लोगों को पर्यावरण की रक्षा और संरक्षण का संदेश दिया गया। इस अवसर पर मन्नारघाट के रेंज अधिकारी ने लोगों को वन महोत्सव के महत्व के बारे में जानकारी दी और सभी से दो पेड़ लगाने का अनुरोध किया। कार्यक्रम में अन्य वक्ताओं ने भी अपने विचार व्यक्त किए। रैली में आम जनता, पंचायती राज संस्थाओं के सदस्यों के साथ करीब एक सौ पचास कर्मियों ने भाग लिया। बाद में सेकेण्डरी स्कूल माईल तिलक और मीठाखाड़ी ग्राम पंचायत कार्यालय में भी औपचारिक वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किए गए।

उधर, निकोबार वन प्रभाग ने भारतीय खेल प्राधिकरण के सहयोग से लपाती गांव के आधुनिक खेल परिसर में वन महोत्सव मनाया। उद्घाटन अवसर पर क्षेत्र के सहायक आयुक्त ज्योति कुमारी मुख्य अतिथि थी। उन्होंने अपने संबोधन में वनों और आदिवासी समुदायों के लिए वन्य जीवन के महत्व पर प्रकाश डाला। विभाग द्वारा इस दौरान एक सौ पचास से अधिक पौधे लगाए गए।

**<><><><><><><>**

दक्षिण अंडमान के आई सी डी एस के अंतर्गत विभिन्न आंगनवाड़ी केंद्रों पर मानदेय के आधार पर आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और आंगनवाड़ी सहायिका के पद के लिए चयनित उम्मीदवारों की सूची बाल विकास परियोजना अधिकारी, फरारगंज, दक्षिण अंडमान के कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर दर्शा दी गई है। चयनित उम्मीदवारों को कार्यालय से अपना नियुक्ति आदेश पत्र प्राप्त करने को कहा गया है।

**<><><><><><><>**